धन के कतिपय पहलू का भी उल्लेख किया है । उन्होंने उन 20 क्षेत्रों की सूची दी है, जिसमें अवैध धन सृजित होता है और उन पांच क्षेत्रों के सम्बंध में प्रतिक्रियाएं प्राप्त कीं, जिनके लिए प्रतिवादियों ने अवैध धन के सृजन के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में समझा । इस सम्बंध में फिल्म उद्योग को तीसरा अति महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में स्थान दिया गया है । यद्यपि अवैध धन के अनुमान उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी सरकार इस उद्योग में अवैध धन के सृजन की रोकथाम के लिए आवश्यक सांविधिक एवं प्रशासनिक उपाय करती है । आयकर अधिनियम की धारा 44-एए में उपबंध किए गए हैं, जिसके अन्तर्गत कारोबार करने वाले हर व्यक्ति के लिए कानून द्वारा निर्धारित लेखा-पुस्तिकाओं को रखना एवं उनको बनाए रखना अपेक्षित है तथा कर निर्धारिणों की छानबीन में इनकी जांच-पड़ताल की जाती है । केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने फिल्मी कलाकारों, कैमरामैन, निदेशकों, आदि को व्यावसायिकों के रूप में अधिसूचित किया है, जिनसे धारा 44-एए के अन्तर्गत लेखा-पुस्तिकाओं को बनाए रखना अपेक्षित है । इन व्यक्तियों के कर निर्धारण के बेहतर निपटान के लिए विशिष्ट फिल्म परिमण्डल भी सृजित किए गए हैं और इन मामलों में कर अपवंचन को मालूम किया जा सके । फिल्म निर्माताओं द्वारा 5,000/- रु० से अधिक के भुगतान के विवरण पत्र को उसी समय प्रस्तुत करने के बारे में धारा 285बी में सांविधिक उपबंध भी बनाए गए हैं । इसकी जांच पड़ताल कर-निर्धारणों की छानबीन के समय की जाती है । आयकर जांच खण्ड 10,000/- रु० से अधिक के ऐसे भुगतानों का है, प्रतिसत्यापन भी करता है । तलाशी, सर्वेक्षण तथा अन्य जांच-पड़ताल के माध्यम से इन मामलों में, अब कभी कर-अपवंचन की कोई विशिष्ट सूचना प्राप्त होती है, कार्यवाहियां भी की जाती हैं ।

मितव्यिति उपायों के संबंध में जारी निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाना

3466. **श्री रामसिंह राठवा :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कतिपय मंत्रालयों ने मितव्ययिता उपायों के सम्बन्ध में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और उन विभागों के नाम क्या हैं जिन्होंने पूर्वोक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) व्यय में किफायत बरतने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों का अनुपालन भारत सरकार के प्रत्येक मंत्रालय/विभाग को करना होता है । इन अनुदेशों के उल्लंघन का कोई मामला इस मंत्रालय के ध्यान में नहीं लाया गया है ।

प्रत्यक्ष करों की वसूली संबंधी अपीलों का निपटान ।

3467. **श्री रामसिंह राठवा :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रत्यक्ष करों की वसूली सम्बन्धी अपीलों के निपटान के कार्य की गति असंतोषजनक है ।